डॉ॰भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः COE/ 118 /2025 दिनांकः 15 -04-2025

सेवा में,

1. जिलाधिकारी,
   आगरा/मैनपुरी/मथुरा/फिरोजाबाद।
2. पुलिस आयुक्त, जनपद–आगरा।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
   मैनपुरी/मथुरा/फिरोजाबाद।

विषयः– डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक के द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर अप्रैल/मई–2025 सम(Even)सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु निर्धारित नोडल केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰ द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰ द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर अप्रैल/मई–2025 सम;म्अमदद्धसेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक 21.04.2025 से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा आगरा मण्डल के 29 नोडल केन्द्रों के माध्यम से लगभग 268 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षायें संचालित होगी, जिसमें अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालय भी शामिल है। सभी परीक्षा केन्द्र स्वंय के वाहन से उत्तर पुस्तिका, प्रश्नपत्र एवं गोपनीय सामिग्री आदि सम्बन्धित नोडल केन्द्र से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें। प्रश्नपत्र के पैकेट प्रत्येक पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनट पूर्व नोडल केन्द्र द्वारा परीक्षा केन्द्र के अधिकृत प्रतिनिधि को सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में उपलब्ध कराया जायेगा। उत्तरपुस्तिका एवं प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए नोडल केन्द्र एवं सम्बद्ध परीक्षा केन्द्र अपने स्तर से पूर्ण सावधानी रखेगें।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि शासनादेश संख्या–1043/सत्तर–1–2022–16(9)/2018, दिनांक 08 अप्रैल, 2022 के क्रम में नोडल केन्द्र व परीक्षा केन्द्र पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने तथा परीक्षा की शुचिता हेतु सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करने का कष्ट करें। नोडल केन्द्र, परीक्षा केन्द्र की सूची तथा परीक्षा समय सारिणी संलग्न है।

सादर।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त नोडल केन्द्र प्रभारी, सम्बद्ध डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि अपने जनपद के जिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित करके परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कराने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/प्रशासन।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपतिजी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. अधिकृत एजेन्सी 2024 को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को नोडल केन्द्रों एवं उससे सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों की लॉग–इन पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक